बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
कोष/संदर्भ ग्रंथ

564/2
29/9/12

खण्ड : 2

संख्या : 2, 3, 4, 5, 6

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

(द्वितीय सत्र)

---

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

---

सत्यमेव जयते

सोमवार, दिनांक : **25 जून 1990 ई०**

मंगलवार, दिनांक : **26 जून 1990 ई०**

बुधवार, दिनांक : **27 जून 1990 ई०**

वृहस्पतिवार, दिनांक : **28 जून 1990 ई०**

शुक्रवार, दिनांक : **29 जून 1990 ई०**

अनुसूचित जाति की जनसंख्या 1,25,258 तथा अनुसूचित जन जाति की जनसंख्या 52,596 है जो क्रमशः लगभग 12 एवं 5 प्रतिशत है।

जिला बनाने के लिए केवल जनसंख्या ही आधार नहीं है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है। पूर्व सरकार द्वारा दिया गया निर्णय तत्काल सरकार के विचारधीन है।

---

## बखरी बाजार को अनुमंडल बनाना

***15. श्री राम विनोद पासवान :** क्या मंत्री, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय को जिला का दर्जा 1972 से दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में एक ही अनुमंडल कार्यरत है;

(3) क्या यह बात सही है कि बखरी बाजार अनुमंडल बनाने की शर्त्तों को पूरा करता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बखरी बाजार को अनुमंडल बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

**श्री लालू प्रसाद :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3-4) कंडिका 3 एवं 4 अनुमंडल की स्थापना हेतु सरकार को उसकी आवश्यकता एवं वित्तीय संसाधनों पर

विचार करना पड़ता है। सरकार ऐसे सभी प्रस्तावों पर स-समय विचार कर आवश्यक निर्णय लेगी।

---

## हवाई यात्रा पर हुए खर्च का ब्योरा

***20. श्री राम जतन सिन्हा :** क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्त्तमान सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के सदस्य के हवाई यात्रा पर अलग-अलग राशि अबतक खर्च हुए हैं?

**प्रभारी मंत्री :** माननीय मुख्यमंत्री/ मंत्रियों से प्राप्त भ्रमण दैनन्दिनी के आधार पर विवरणी संलग्न है।

बिहार मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों एवं राज्य मंत्रियों द्वारा सेवा विमान से यात्रा के व्यय की विररणी :-

| मंत्रियों के नाम | अवधि | सेवा भाड़ा | विमानइन्सीडेण्डल |
|---|---|---|---|
| 1. श्री लालू प्रसाद, (मुख्यमंत्री) | X | X | X |
| 2. श्री रघुनाथ झा, (मंत्री स्वास्थ्य) | 17.3.90 | 984.00 | 20.00 |
| | 24.3.90 | 984.00 | 20.00 |
| | 25.3.90 | 984.00 | 20.00 |
| | 10.4.90 | 1123.00 | 20.00 |
| | 12.4.90 | 1123.00 | 20.00 |
| | 01.5.90 | 1123.00 | 20.00 |
| | 04.5.90 | 1123.00 | 20.00 |
| | | 7444.00 + | 140.00 |
| | | 7584.00 | |